देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक की।
- बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू। कपाट अपराह्न 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- नैनीताल जिले में 100 वर्ग गज से छोटे भूखंडों की खरीद और निर्माण पर प्राधिकरण की सख्ती, 600 लोगों को नोटिस जारी किए गए।

दिशा बैठक

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन, कृषि, पशुपालन, विद्युत आदि विभागों की विभागवार समीक्षा की। श्री टम्टा ने अधिकारियों को जिले में चल रही योजनाओं का लक्ष्य मिशनमोड पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जन हित के कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

बदरीनाथ कपाट

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया आज सुबह से शुरू हो गई है। कपाट आज अपराह्न 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। सुबह बदरीनाथ के रावल अमरनाथ नंबूरी ने भगवान बदरी विशाल की पूजा–अर्चना कर फूल श्रृंगार किया। आज के दिन भगवान बदरी विशाल का केवल फूल श्रृंगार किया जाता है, जिसे दोपहर बाद उतारा जाता है। इसके बाद भगवान उद्धव, कुबेर और गरुड़ जी को गर्भ गृह से बाहर लाया जाता है। लक्ष्मी जी को लक्ष्मी मंदिर से रावल जी के सानिध्य में गर्भ गृह में विष्णु भगवान के साथ विराजमान किया जाता है। इस मौके पर रावल जी को लक्ष्मी की सखी के रूप में स्त्री वेष धारण भी करना पड़ता है। भगवान बदरी विशाल और लक्ष्मी जी को माणा गांव की कुंवारी कन्याओं और सुहागिनों द्वारा अपने हाथों से बनाया गया घृत कंबल ओढ़ाया जाता है। इसी के साथ बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। कपाट बंद होने पर मंदिर को फूलों से सजाया गया है। धाम में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

संस्कृत छात्र प्रतियोगिता

बागेश्वर के पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने कहा कि संस्कृत सरल, सुमधुर और वैज्ञानिक भाषा है, जिसका संरक्षण समाज और शिक्षा जगत की साझा जिम्मेदारी है।

कैबिनेट मंत्री समीक्षा

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में एमडीडीए अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे व प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन विकास कार्यों का निर्माण पूरा हो चुका है, उनके लोकार्पण की तैयारी तुरंत शुरू की जाए तथा जिन कार्यों का शिलान्यास प्रस्तावित है, उनसे संबंधित सभी कागजी कार्यवाही भी समय पर पूरी की जाए। उन्होंने वन स्वीकृति, रिटेंडरिंग और शासन स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने पर बल दिया। श्री जोशी ने देहरादून के कनक चौक स्थित जनरल बिपिन रावत पार्क में सौंदर्यकरण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के तहत राजपुर के काठबंगला क्षेत्र के बेघर हो रहे लोगों के पुनर्वास और जनहित के दृष्टिगत व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

नोटिस

नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण ने जिले में 100 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल वाले भूखंडों पर हो रही अवैध खरीद और अनियमित निर्माण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि बीते एक वर्ष में जिले के नैनीताल, भीमताल, हल्द्वानी और रामनगर क्षेत्रों में छोटे भूखंडों की बड़े स्तर पर जांच की गयी। इन भूखंडों पर स्टाम्प पर हुई खरीद–फरोख्त की वैधता की पुष्टि के लिये प्राधिकरण ने सर्वे अभियान चलाया, जिसके दौरान एक हजार से अधिक मकानों का विस्तृत सर्वे किया गया और कई मामलों में अनियमितताएं सामने आईं। सचिव के अनुसार सर्वे रिपोर्ट में गड़बड़ियां मिलने पर 600 लोगों को नोटिस जारी किये गये और कई प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई भी की गयी है। प्राधिकरण ने नागरिकों को सचेत किया है कि बिना स्वीकृत नक्शे, बिना वैध पंजीकरण और बिना नियमों के अनुरूप की गयी खरीद–फरोख्त से संपत्ति मालिक को भारी आर्थिक क्षति हो सकती है तथा निर्माण ध्वस्तीकरण तक की स्थिति बन सकती है। इसलिए किसी भी संपत्ति के लेन–देन से पहले नियमों की जानकारी लेकर वैध प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है।

फर्जी दस्तावेज जांच

नैनीताल जिले में फर्जी दस्तावेजों के मामलों की लगातार बढ़ती शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। सभी तहसीलों में एसडीएम स्तर पर प्रमाण पत्रों और दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। नैनीताल के एडीएम विवेक राय ने बताया कि अब तक 48 स्थायी निवास प्रमाणपत्र निरस्तीकरण की प्रक्रिया में हैं, जबकि 12 प्रमाणपत्रों की दोबारा जांच की जा रही है। इसके अलावा 60 स्थायी निवास प्रमाणपत्रों में गंभीर विसंगतियां पाई गई हैं, जिनकी जांच जारी है। उन्होंने बताया कि प्रमाणपत्रों के साथ ही राशन कार्डों की भी व्यापक जाँच की जा रही है।

निरीक्षण

देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने उप संभागीय परिवहन कार्यालय, हरिद्वार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं और अभिलेखों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, कैश रजिस्टर, सेवा का अधिकार रजिस्टर और सीएल रजिस्टर का परीक्षण करते हुए सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री सैनी ने डीएल सेक्शन, टीआर सेक्शन, एनफोर्समेंट सेक्शन और न्यू रजिस्ट्रेशन सेक्शन का गहन निरीक्षण कर कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।